# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा

## अभिषद् की बैठक दिनांक 25.07.2017 का कार्यवृत्त

समयः 02:00 बजे

स्थानः कुलपति महोदय का आवासीय सभागार

उपस्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो० सुरेन्द्र कुमार सिंह, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो० जय गोपाल | – | सदस्य |
| 3. | डा० अजय नाथ झा | – | सदस्य |
| 4. | डा० भोला चौरसिया | – | सदस्य |
| 5. | डा० उपेन्द्र कुमार | – | सदस्य |
| 6. | डा० अमर कुमार | – | सदस्य |
| 7. | डा० अजीत कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 8. | डा० एन०के० अग्रवाल | – | सदस्य |
| 9. | डा० अवधेश कुमार सिंह | – | सदस्य |
| 10. | डा० डी० एन० पासवान | – | सदस्य |
| 11. | डा० अरूणिमा सिन्हा | – | सदस्य |
| 12. | डा० बिरेन्द्र कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 13. | श्रीमतीइस्मत जहाँ | – | सदस्य |
| 14. | डा० बैद्यनाथ चौधरी | – | सदस्य |
| 15. | डा० विनोद कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 16. | डा० फैयाज अहमद | – | सदस्य |
| 17. | श्रीमती नीलिमा ठाकुर | – | सदस्य |
| 18. | श्री चन्दन यादव | – | सदस्य |
| 19. | श्री लक्ष्मेश्वर राय | – | सदस्य |
| 20. | डा० महेन्द्र प्रसाद सिंह | – | सदस्य |
| 21. | श्री आर०बी० साह, वित्त पदाधिकारी | – | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 22. | मो० अमानुल हक | – | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 23. | डा० मुस्तफा कमाल अंसारी, कुलसचिव | – | सचिव |

कुलसचिव द्वारा सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया, कोरम पूरा होने की सूचना प्रदान करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ किए जाने की अनुमति माननीय कुलपति सह अध्यक्ष महोदय से माँगी गयी। बैठक के प्रारंभ में अभिषद् सदस्य डा० बैद्यनाथ चौधरी एवं डा० विनोद कुमार चौधरी ने सदन में उठाए गए प्रस्ताव के साथ सदस्यों के नाम जोड़े जाने तथा बैठक के सभी प्रस्तावों के साथ बैठक के दो अधिसूचनाओं के अनुमोदन के प्रस्ताव सदन के समक्ष रखा जिसे सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया। तदुपरान्त अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की विधिवत कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

मद सं0 1. अभिषद् की गत बैठक दिनांक 27.05.2017 के कार्यवृत की संपुष्टि पर विचार।

निर्णयः विचारोपरान्त, गत बैठक के मद सं0 4 में अंकित तत्काल प्रभाव को विलोपित कर निलंबन मुक्त किये जाने की तिथि से देय अनुमान्य अंकित कर पढ़े जाने, अतिरिक्त मद सं0 8 को नियमानुकूल देखे जाने, अतिरिक्त मद सं0 11 के तीसरी पंक्ति में 3 माह अर्थात दिनांक 07.04.2017 के स्थान पर दिनांक 07.07.2017 अंकित कर पढ़े जाने के साथ–साथ अन्यान्य मद सं0 4 के बाद मद सं0 6 से मद सं0 17 के सही क्रम मद सं0 5 से मद सं0 14 अंकित कर क्रम सुधार कर पढ़े जाने की सहमति बनी। उपर्युक्त संशोधनों के साथ अभिषद् की गत बैठक दिनांक 27.05.2017 के कार्यवृत को संपुष्ट किया गया।

मद सं0 2. अभिषद् की बैठक दिनांक 27.05.2017 में पारित प्रस्तावों के अनुपालन–प्रतिवेदन पर विचार।

निर्णयः **अभिषद् की बैठक दिनांक 27.05.2017 में पारित प्रस्तावों के अनुपालन–प्रतिवेदन पर सदस्यों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। (परिशिष्ट–क) (पृष्ठ संख्या–8–13)**

मद सं0 3. विद्वत् परिषद् की बैठक दिनांक 17.07.2017 की कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः **विद्वत परिषद की बैठक दिनांक 17.07.2017 के कार्यवृत को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।(परिशिष्ट–ख) (पृष्ठ संख्या–14–18)**

मद सं0 4. परीक्षा परिषद् की बैठक दिनांक 02.06.2017 की कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः **परीक्षा परिषद की बैठक दिनांक 02.06.2017, 12.07.2017 एवं 21.07.2017 की कार्यवृत को अनुमोदित किया गया।(परिशिष्ट–ग)(पृष्ठ संख्या–19–27)**

मद सं0 5. वित्त समिति की बैठकदिनांक 17.07.2017 के कार्यवृत की संपुष्टि पर विचार।

निर्णयः **विचारोपरान्त, वित्त समिति की बैठक दिनांक 17.07.2017 के कार्यवृत को अनुमोदित किया गया। (परिशिष्ट–घ) (पृष्ठ संख्या–28–30)**

मद सं0 6. "185 कर्मियों की सेवा नियमितिकरण के संबंध में दिनांक 06.05.2017 को राज्य सरकार के साथ हुई बैठक की कार्यवाही के आलोक में मामले की जॉच करने हेतु विश्वविद्यालय ज्ञांपाक – 9536–43/17 दिनांक 13.06.2017 के द्वारा गठित समिति के प्रतिवेदन पर विचार"।

निर्णयः **विचारोपरान्त,"185 कर्मियों की सेवा नियमितिकरण के संबंध में दिनांक 06.05.2017 को राज्य सरकार के साथ हुई बैठक की कार्यवाही के आलोक में मामले की जॉच करने हेतु विश्वविद्यालय ज्ञांपाक – 9536–43/17 दिनांक 13.06.2017 के द्वारा गठित समिति के प्रतिवेदन को अनुमोदित किया गया। (परिशिष्ट–ङ) (पृष्ठ संख्या–30–31)**

मद सं0 7. To consider the matter of outsourced employees to be engaged on contract basis.

निर्णयः The matter of outsourced employees to be engaged on contract basis was not considered.

मद सं0 8. अभिषद् की बैठक दिनांक 14.01.2017 के अन्यान्य मद सं0–7 में निर्णय लिया गया कि महारानी निवास के पास पूर्व से स्वीकृत बोरिंग को स्वास्थय केन्द्र एवं प्रेस के जलापूर्ति हेतु स्थानान्तरित की जाय। परन्तु बोरिंग के बदले स्वास्थ्य केन्द्र में समरसेबुल पम्प का कार्य किया गया है। भवन समिति की बैठक दिनांक 06.04.2017 के मद सं0–6 में लिये गये निर्णय के अनुसार पुनः अभिषद् में विस्तृत प्रतिवदेन रखने का निर्णय लिया गया।

निर्णयः **विचारोपरान्त, भवन समिति की बैठक दिनांक 06.04.2017 के मद सं0–6 में लिये गये निर्णय अनुसार प्राक्कलित राशि 69,500/– रूपये व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई।**

मद सं0 9. अभिषद् की बैठक दिनांक 27.05.2017 के अन्यान्य मद सं0 1 में माननीय सदस्यों द्वारा पर्यटन विभाग को स्थापित किये जाने संबंधित चर्चा की सम्भावना को तलाशने हेतु अभिषद् के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः **विचारोपरान्त,सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के अंतर्गत एक पर्यटन विभाग स्थापित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही विभाग के गठन की संरचना, प्रारूप एवं प्रस्ताव तैयार किये जाने हेतु एक समिति गठित कर विभाग के संचालन में सभी आवश्यक प्रक्रियाओं पर निर्णय लिए जाने के लिए माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।**

मद सं0 10. अभिषद् की बैठक दिनांक 27.05.2017 के अन्यान्य मद सं0 3 के आलोक में विश्वविद्यालय में पूर्णकालिक विधि पदाधिकारी की आवश्यकता को देखते हुए उनके नियूक्ति संबंधी निर्णय अभिषद् के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः **विचारोपरान्त,सर्वसम्मति से सभी विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए एक पूर्णकालिक विधि पदाधिकारी नियुक्त किये जाने का निर्णय लिया गया।**

मद सं0 11. विश्वविद्यालय द्वारा लिये जाने वाले विभिन्न परीक्षाओं के संचालन हेतु प्रधानाचार्यों एवं विभागाध्यक्षों को अग्रीम के रूप में दिये जाने वाली राशि को ब्याजमुक्त करने पर विचार।

निर्णयः **विचारोपरान्त,परीक्षा कार्य एवं अन्य आवश्यक कार्यों में विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों शिक्षक/कर्मियों को दिये जाने वाले अग्रिम के विरूद्ध समायोजन हेतु प्रस्तुत देयक के अतिरिक्त अवशिष्ट राशि पर 10% लिये जाने वाले ब्याज को न्यायसंगत नहीं मानते हुए ब्याजमुक्त किये जाने का निर्णय लिया गया।**

मद सं0 12. विश्वविद्यालय एवं अंगिभूत महाविद्यालयों में अनुकम्पा के आधार पर नियूक्ति के संबंध में विचार।

निर्णयः **विचारोपरान्त,सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय एवं अंगिभूत महाविद्यालयों में नियमानुकूल प्रक्रिया के अनुरूप अनुकम्पा के आधार पर नियूक्ति प्ररंभ किये जाने का निर्णय लिया गया।**

मद सं0 13. To consider the acceptance of technical resignation/line termination of Dr. Satya Narayan Prasad, Associate Professor of Political Science, L.N. Mithila University, Darbhanga. W.e.f. 13.10.2015 i.e. date of confirmation of his service under J.N.U., New Delhi.

निर्णयः **The technical resignation/line termination of Dr. Satya Narayan Prasad, Associate Professor of Political Science, L.N. Mithila University,Darbhanga. W.e.f. 13.10.2015 i.e. date of confirmation of his service under J.N.U., New Delhi was considerd.**

मद सं0 14. एस0बी0एस0एस0 महाविद्यालय, बेगुसराय के प्रधानाचार्य श्री शालिग्राम सिंह एवं उक्त महाविद्यालय के पॉच शिक्षकों के बीच उत्पन्न विवादों की जॉच हेतु विश्वविद्यालय पत्रांक 447–53/15 दिनांक 13.01.2015 द्वारा गठित त्रिसदस्यीय जॉच समिति के प्रतिवेदन पर विचार।

निर्णयः **विचारोपरान्त, एस0बी0एस0एस0 महाविद्यालय, बेगुसराय के प्रधानाचार्य श्री शालिग्राम सिंह एवं उक्त महाविद्यालय के पॉच शिक्षकों के बीच उत्पन्न विवादों की जॉच हेतु विश्वविद्यालय पत्रांक 447–53/15 दिनांक 13.01.2015 द्वारा गठित त्रिसदस्यीय जॉच समिति के प्रतिवेदन को अनुमोदित करते हुए अग्रेतर कार्यवाही हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।**

मद सं0 15. बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय के अंगीभूत महाविद्यालयों में अर्थशास्त्र एवं मनोविज्ञान विषयों के नवनियूक्त व्याख्याताओं की नियूक्ति एवं पदस्थापन के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय के अंगीभूत महाविद्यालयों में अर्थशास्त्र एवं मनोविज्ञान विषयों के नवनियूक्त व्याख्याताओं की नियूक्ति एवं पदस्थापन को अनुमोदित किया गया।**

मद सं0 16. To consider the case of retirement of Dr. S.C. Govil, Reader in Zoology, C.M. Sc. College, Darbhanga instead of his resignation w.e.f. 16.03.2013 under item no. 4 dated 26.04.2013 of the Syndicate.

निर्णयः **The retirement of Dr. S.C. Govil, Reader in Zoology, C.M. Sc. College, Darbhanga instead of his resignation w.e.f. 16.03.2013 under item no. 4 dated 26.04.2013 of the Syndicate was approved.**

मद सं0 17. दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के सम्पन्न 74वीं एवं 75वीं सलाहकार समिति की पारित कार्यवृत के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः **विचारोपरान्त,दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के सलाहकार समिति के 74 वीं बैठक दिनांक 20.06.2017, 22.06.2017 एवं 75वीं (आपातकालीन) बैठक दिनांक 04.07.2017 के पारित निर्णयों को अनुमोदित किया गया। (परिशिष्ट–च) (पृष्ठ संख्या–32–40)**

अतिरिक्त मद सं0 1. महिला अध्ययन केन्द्र की तीसरे परामर्शदात्री समिति की बैठक दिनांक 01.06.2017 के कार्यवृत के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः **विचारोपरान्त,महिला अध्ययन केन्द्र की तीसरे परामर्शदात्री समिति की बैठक दिनांक 01.06. 2017 के कार्यवृत को अनुमोदित किया गया।**
**(परिशिष्ट–छ) (पृष्ठ संख्या–41–42)**

अतिरिक्त मद सं0 2. स्थानान्तरण समिति अंगीभूत महाविद्यालय से विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग की बैठक दिनांक 08.07.2017 के कार्यवृत के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः **विचारोपरान्त स्थानान्तरण समिति (अंगीभूत महाविद्यालय से विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग ) की बैठक दिनांक 08.07.2017 के कार्यवृत को अनुमोदित किया गया।**
(परिशिष्ट–ज) (पृष्ठ संख्या 43.–47)

अन्यान्य मदः 1. डा0 विनोद कुमार चौधरी ने संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों के चयन समिति द्वारा सृजित पदों एवं अनुसंशित पदों से संबधित अनुसंशाओं को नियमानुकूल अधिसूचित किये जाने का अग्रह किया गया।

अन्यान्य मदः 2. डा0 विनोद कुमार चौधरी ने श्री लक्षमेश्वर राय को एस0 एम0 जे0 महाविद्यालय, खाजेडीह,मधुबनी के साशीनिकाय में जन प्रतिनिधि नियुक्त किये जाने की स्वीकृति सदस्यों द्वारा दिया गया।

अन्यान्य मदः 3. डा0 बैद्यनाथ चौधरी एवं श्रीमती नीलिमा ठाकुर ने श्री गंगाराम प्रसाद, शिक्षक पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान संस्थान एवं डा0 स्वेता, व्याख्याता, दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, के मामले को जल्द देखे जाने का आग्रह माननीय कुलपति महोदय से किया।

अन्यान्य मदः 4. डा0 विनोद कुमार चौधरी ने सी0 ए0 जी0 का कंप्लाइन्स अभिषद् से पारित कर भेजे जाने की बात कही।

अन्यान्य मदः 5. श्रीमती नीलिमा ठाकुर ने के0 भी0 एस0 महाविद्यालय,बेनीपट्टी, मधुबनी के 43 कर्मियों के नियुक्ति के पश्चात एक साल वेतन भुगतान होने के बाद भी विगत कई वर्षों से वेतन नही दिये जाने के मामले को नियमानुकूल देखे जाने का आग्रह माननीय अध्यक्ष से किया।

अन्यान्य मदः 6. डा0 अजित कुमार चौधरी ने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के कर्मियों की प्रोन्नति हेतु छमाही परीक्षा आयोजन किये जाने का अग्रह किया।

अन्यान्य मदः 7. डा0 अजित कुमार चौधरी ने चतुर्थ चरण में अगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षकों जिनका मामला माननीय न्ययालय में नही है के लंबित प्रोन्नति को नियमानुकूल प्रक्रिया से प्रारंभ किये जाने का आग्रह किया।

अन्यान्य मदः 8. डा0 अजित कुमार चौधरी ने डा0 दिनेश प्रसाद साह, उप–प्रचार्य,हिन्दी विभाग,जे0 एन0 कॉलेज नेहरा जो विगत कई वर्षों से सी0 एम0 साईन्स महाविद्यालय में प्रतिनियोजित हैं, जो एक साथ कर्तव्यों का निर्वहन महाविद्यालय तथा दूरस्थ शिक्षा में करते हैं साथ ही इनकी पारिवारिक परिस्थिति एवं प्रधानाचार्यों द्वारा किये गये पदस्थापन के अनुशंसाओं को देखते हुए उन्हें वर्तमान प्रतिनियोजित महाविद्यालय में पदस्थापन किये जाने तथा बी0 पी0 एस0 सी0 से अनुमोदित सुची से रिक्त पद पर नये शिक्षक के पदस्थापन किये जाने का आग्रह किया, जिसे देखने का आश्वासन दिया गया।

अन्यान्य मदः 9. डा0 अजय नाथ झा ने अधिषद् की आजीवन सदस्यता के संबंध में राज्य सरकार के पत्र के आलोक में प्रत्येक प्रस्ताव के व्यक्तिगत समीक्षा के लिए एक समिति गठित किये जाने हेतु आग्रह किया । सदस्यों द्वारा समिति गठन के लिए माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

अन्यान्य मदः 10. डा0 अवधेश कुमार सिंह ने जी0 डी0 महाविद्यालय बेगुसराय,के स्थापना के 73 वर्ष पूरा किये जाने के उपलक्ष में एल्यूमनी मिट का आयोजन एवं आगामी अभिषद् की बैठक जी0 डी0 महाविद्यालय में आयोजित किये जाने का आग्रह सदन से किया। प्रस्ताव का स्वागत करते हुए सहयोग का आश्वासन माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा दिया गया।

अन्यान्य मदः 11. डा0 अजय नाथ झा ने विश्वविद्यालय प्रक्षेत्र अधीन सभी ज़िला मुख्यालय के महाविद्यालयों में आयकर के फॉर्म–16 उपल्बध कराये जाने के प्रस्ताव को सदन के समक्ष रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

अन्यान्य मदः 12. श्रीमती ईस्मत जहाँ ने सी0 एम0 विधि0 महाविद्यालय,दरभंगा में संबिदा पर कार्यरत शिक्षकों के मानदेय वढ़ोत्तरी किये जाने का आग्रह किया।

बैठक के अंत में कुलसचिव द्वारा सभी माननीय सदस्यों को विश्वविद्यालय स्थापना दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में दिनांक 03.08.2017 से 05.08.2017 को सम्मलित होने के लिए आमंत्रण दिया गया तथा बैठक के संचालन में सहयोग एवं महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तत्पचात् माननीय अध्यक्ष–सह–कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही समाप्त करने की घोषणा की गयी।

ह0/–
(मुस्तफा कमाल अंसारी)
कुलसचिव–सह–सचिव

ह0/–
(सुरेन्द्र कुमार सिंह)
कुलपति–सह–अध्यक्ष

ज्ञापांक : UB-1812-67/17

दिनांक : 25/07/2017

प्रतिलिपि प्रेषित :–

1. अभिषद् के सभी माननीय सदस्य, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

2. सचिव, उच्च शिक्षा, बिहार, पटना।
3. निदेशक,उच्च शिक्षा, बिहार, पटना।
4. उप–सचिव, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना।
5. नोडल पदाधिकारी **(विश्वविद्यालय वेबसाईट)**, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
6. **सभी पदाधिकारी/कुलपति के सचिव/प्रति–कुलपति/वित्तीय परामर्शी/कुलसचिव के निजी सहायक**, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

25/7/17

कुलसचिव